अवैध खदानों के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

नेता कमल नागर के नेतृत्व में धरना, ब्लास्टिंग से घरों में दरार, टीवी-दमा जैसी बीमारियां

नवभारत न्यूज

भिंड, 30 मई। जिले के गोहद के पास स्थित डांग पहाड़ पर संचालित अवैध खदानों के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश धरने के रूप में फूट पड़ा। आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल नागर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने खदान स्थल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और अवैध उत्खनन को तत्काल बंद करने की मांग उठाई।

ब्लास्टिंग से दहशत, घरों में आई दरारें : कमल नागर ने बताया कि पहाड़ पर दिन-रात हो रही अवैध ब्लास्टिंग से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। 'धमाकों की वजह से ग्रामीणों के पक्के मकानों में दरारें आ गई हैं। बच्चे-बुजुर्ग हर वक्त डरे रहते हैं। प्रशासन मौन है,' ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग लोग आदिवासी गुड्डी बाई के नाम की आड़ में अवैध खदान चला रहे हैं। वहीं पास में ही बिचौले सिंह तोम की खदान है, जिसने स्वीकृत सीमा से कई गुना अधिक खुदाई कर दी है। 'नियमों को ताक पर रखकर पहाड़ को खोखला किया जा रहा है,

बीमारियों का बढ़ा प्रकोप : खदानों से उड़ने वाली धूल और ब्लास्टिंग के धुएं से गांव में सांस, टीबी और दमा जैसी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। 'हर दूसरे घर में कोई न कोई बीमार है। छोटे बच्चों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है।

धरने पर बैठे कमल नागर ने चेतावनी दी कि यदि 7 दिन में अवैध खदानें बंद नहीं हुईं तो ग्रामीण कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। 'ये सिर्फ पर्यावरण का नहीं, मानव जीवन का सवाल है। अवैध खनन माफिया को संरक्षण मिल रहा है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

मंत्री शुक्ला 'मन की बात' कार्यक्रम में होंगे शामिल

मेहगांव, 30 मई। मप्र शासन में कैबिनेट मंत्री श्री राकेश शुक्ला नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग 31 मई, 2026 (रविवार) को प्रात: 10.30 बजे 'मन की बात' कार्यक्रम में मेहगांव जनपद पंचायत ऑफिस के पीछे अपने कार्यालय पर उपस्थित रहकर किसानों व आम जनता से सीधे संवाद करेंगे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विकास, सिंचाई, बिजली कनेक्टिविटी व कृषि संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान पर विस्तार से चर्चा होगी। सम्भाग प्रभारी अभय यादव जिला प्रभारी हमीर पटेल जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया और मण्डल अध्यक्ष रोहित करैया कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे मंत्री राकेश शुक्ला महाराजपुरा ग्राम पंचायत का दौरा कर विकास कार्यों का भूमिपूजन/लोकार्पण करेंगे तथा 1.00 बजे ग्राम बहुआ में विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण/भूमिपूजन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचना अनिवार्य : कलेक्टर

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 30 मई। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार भिण्ड में आयोजित की गई। जिसमें सीएमएचओ डॉ. जेएस यादव, महिला एवं बाल विकास अधिकारी भिण्ड, समस्त बीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कर एक-एक शिकायत को पढ़कर संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराने निर्देश दिए। साथ ही सौ दिवस से ऊपर की लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करने निर्देश दिए। उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन एवं एएनसी चेकअप की स्थिति की समीक्षा कर गर्भवती महिलाओं की चारों जांच तथा उनकी प्रोपर एंट्री के संबंध में जानकारी ली और माह सितम्बर से माह मई तक एएनसी रजिस्ट्रेशन की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली।

कलेक्टर ने कहा कि एएनसी चेकअप समय पर और नियमित रूप से होना चाहिए ताकि गर्भवती महिलाओं को सही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों को कार्य करने के तरीकों में सुधार लाने तथा घर-घर जाकर जांच कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचना अनिवार्य है। बैठक में फर्स्ट ट्राइमेस्टर रजिस्ट्रेशन की स्थिति व चिन्हित सेम बच्चों की पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को अपने-अपने पैरामीटर के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई करने तथा शेष कमियों को शीघ्रता से दूर करने के निर्देश दिए।

बैठक में निगरानी व त्वरित समाधान पर आधारित कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए।

दबोह में बीती रात आई तेज आंधी

कई बिजली पोल, पेड़ उखड़े

नवभारत न्यूज

दबोह, 30 मई। बीती रात क्षेत्र के साथ दबोह में आए तेज अंधड़ और तूफान ने जमकर तबाही मचाई है। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि नगर सहित ग्रामीण इलाकों में कई जगह पेड़ जड़ से उखड़ गए, वहीं विद्युत पोल धराशायी होने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। जिससे कल रात से ही पूरा दबोह नगर अंधेरे में डूबा हुआ है। विनाशकारी आंधी से दबोह के वार्ड क्र.4 पुरानी हाट तथा रामदयाल की बगिया में भी एक बिजली पोल टूटने की खबर है, मगर सबसे ज्यादा असर नगर के वार्ड क्र.4 पुरानी हाट में देखने को मिला। यहां एक विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़ कर गिर गया। इसी दौरान पास ही मौजूद एक विद्युत पोल टूटकर सीधे एक राहगीर छोटू उदेनिया की मोटर साइकिल पर जा गिरा।

गनीमत यह रही कि बाइक चालक समय रहते दूर हट गया, जिससे उसे कोई चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हालांकि, मोटर साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। तेज आंधी से ग्रामीण क्षेत्रो में कई पेड़ों के साथ विजली के खम्बे गिरने की भी खबर आई है। वहीं ग्राम फरदुआ में भी तीन बिजली पोल गिरने से एक बकरी की मौत हो गई है। फिलहाल विद्युत कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य जारी है।

एसपी ने गोहद चौराहा थाना का किया औचक निरीक्षण

लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 30 मई। एसपी सूरज वर्मा ने शुक्रवार को थाना गोहद चौराहा का औचक निरीक्षण कर पुलिस कार्यप्रणाली का जायजा लिया। एसपी के अचानक थाने पहुंचने से पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ में हलचल मच गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, हवालात तथा विभिन्न रिकॉर्ड रजिस्टरों का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपीने थाने में दर्ज लंबित अपराधों, शिकायतों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

एसपी ने फरार आरोपियों एवं न्यायालय से जारी वारंटियों की स्थिति की जानकारी ली और उनकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर कानून का पालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान बीट व्यवस्था, रात्रि गश्त एवं संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। एसपीने थाना स्टाफ को निर्देशित किया कि क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर असामाजिक तत्वों पर नजर रखें तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करें।

उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ विनम्र एवं संवेदनशील व्यवहार करने की सीख देते हुए कहा कि पुलिस की सकारात्मक छवि और जनता का विश्वास बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। थाना आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनकर उसका विधिसम्मत समाधान किया जाए। एसपी सूरज वर्मा ने रिकॉर्ड संधारण की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और दस्तावेजों को अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया।

औचक निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ को पुलिसिंग में गुणवत्ता, अनुशासन और जवाबदेही बनाए रखने के संबंध में भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। एसपीने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के लिए ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

ग्वालियर से लापता बच्ची का क्षत-विक्षत शव सिंध नदी किनारे मिला

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 30 मई। जिले के मौ इलाके में सिंध नदी के किनारे एक बच्ची का शत-विक्षत हालत में शव मिला है। बताया गया है कि लड़की ग्वालियर के सिरोल इलाके से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई थी।

पुलिस के अनुसार बच्ची पांचवीं में पढ़ती थी। 25 मई को उसके सौतेले पिता ने ग्वालियर के सिरोल थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बच्ची के सौतेले पिता का कहना है कि 24 मई को उसकी बेटी ने घर में फांसी लगा ली थी। बदनामी और पुलिस के डर से उसने शव को भिण्ड ले जाकर नदी किनारे दबा दिया। पुलिस का कहना है कि सौतेला पिता इसे सुसाइड बताकर लाश को छिपाने की बात कह रहा है, लेकिन पुलिस हत्या मान कर चल रही है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ होगी। आरोपी पिता से पूछताछ जारी है। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्ट मार्टम और फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। शव क्षत-विक्षत हालत में मिला है, इसलिए मेडिकल बोर्ड से पोस्ट मार्टम कराया जा सकता है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। बताया गया है कि बच्ची सौतेले पिता के साथ करीब 8 साल से रह रही थी। उसका पिता भिण्ड में रहता है, उसकी मां ने उसको छोड़ दिया था।

श्रीराम कथा में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग, मैना माता ने की आरती

भिण्ड, 30 मई। शहर के वार्ड क्र .29 बैरागपुरा कंकाली माता मन्दिर पर चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास स्वामी आशीषानंद महाराज ने भगवान शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। महाराज ने बताया कि जब भगवान भोलेनाथ का संपूर्ण परिकर बारात लेकर हिमाचल राज के द्वार पर पहुंचा, तब मैना माता अपनी सखियों के साथ स्वर्ण थाल में आरती सजाकर परछन के लिए आईं। थाल में दीपक और गंगाजल से भरा लोटा भी रखा था। जैसे ही मैना माता ने भोले बाबा को देखा तो भयभीत हो गईं। भोले बाबा के सिर पर सर्प बैठा था और सर्प को अग्नि से डर लगता है। आरती ऊपर आते ही सर्प ने ऐसी फुकार मारी कि मैना माता डरकर दैया मैया कहकर थाली फेंक भाग गईं। थाली भोले बाबा के वक्ष स्थल पर गिरी, जिसे बाबा ने हृदय से लगा लिया। भोले बाबा ने सोचा कि शायद यहां की रीति है कि सासू मां दरवाजे पर थाली फेंक कर मारती हैं। मैना माता अंत:पुर में जाकर पार्वती जी को गोद में लेकर रोने लगीं। वे विलाप करने लगीं कि मैंने नारद का क्या बिगाड़ा, जो उन्होंने ऐसा वर दिला दिया। मैं कुएं में कूद जाऊंगी, अग्नि में कूद जाऊंगी, लेकिन ऐसे वर के साथ बेटी का विवाह नहीं करूंगी। तब माता पार्वती ने मैना माता को समझाया- मां व्यर्थ में किसी को दोष मत दो। जो भाग्य में लिखा था वही हुआ। प्रभु की इच्छा से ही सब होता है। उसी समय देवर्षि नारद सप्त ऋषियों के साथ प्रकट हुए और मैना माता से कहा कि मां आप इन्हें साधारण बेटी समझ रही हो, ये साक्षात भवानी हैं। पूर्व जन्म में ये सती थीं। इन्होंने श्रीराम की परीक्षा ली थी जिसके कारण प्रभु ने इनका त्याग कर दिया था। यह दूसरा जन्म आपके यहां हुआ है, ये हर जन्म में भोलेनाथ की ही हैं। यह सुनकर मैना माता सहित सभी रानियों ने माता पार्वती को प्रणाम किया। कथा सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और हर-हर महादेव के जयकारे लगाए।

लोक कल्याण की भावना रखने वाले ही उच्च पद को प्राप्त करते हैं

रिदौली में भगवान नेमिनाथ की मोक्ष प्राप्ति के साथ पंचकल्याणक आयोजित

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 30 मई। सुन्दर, स्वस्थ शरीर चाहिए तो भगवान की भक्ति करो, बलिष्ठ शरीर चाहिए तो सच्चे गुरुओं की सेवा करो। जो लोक कल्याण की भावना भाते हैं, अच्छी सोच रखते हैं और अच्छे कार्य करते हैं वही पुण्योदय से उच्च पद को प्राप्त करते है। यह उद्गार पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने रिदौली अटेर में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन दिवस 'मोक्ष कल्याणक' के पावन अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

आचार्य ने जीवन को उत्कृष्टता बनाने के लिए उपाय बताते हुए कहा व्यक्ति को जीवन में ऊंचाईयां प्राप्त करना है तो किसी के प्रति अशुभ विचार मत करो, किसी की निन्दा मत करो और न ही किसी का अहित करो। सदैव उच्च विचार रखो और प्राणियों की रक्षा करो। उन्होंने भाषा, भावों व आचार-विचारों का बोध कराते हुए बताया कि भाषा से व्यक्ति के भावों का बोध होता है, जिसकी भाषा हित-मित-प्रिय, मधुर, गंभीर होगी उसके भाव पवित्र होंगे। व्यक्ति यदि अपने भाव संभाल लेगा तो उसका भव अपने

आप ही संभल जायेगा। उन्होंने कहा कि जैसा विचार करोगे, वैसा ही कर्म का बंध होगा और जैसा कर्म का बंध होगा, वैसा ही फल व्यक्ति को प्राप्त होगा यह अकाट्य है।

आचार्य ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में हमेशा धैर्य धारण करना चाहिए। संकटों में साहस पूर्वक कार्य करना चाहिए। संकट के समय में जो व्यक्ति धैर्य रखता है उसके संकट टल जाते हैं। धैर्यशाली को ही विपत्ति में सम्पत्ति की प्राप्ति होती है। धैर्यवान व्यक्ति को सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अहिंसा ग्रुप भिण्ड के प्रवक्ता ऋषभ जैन अड़ोखर ने बताया कि कल 30 मई को सुबह 7 बजे भगवान नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक की क्रिया संपन्न होने के पश्चात मन्दिर में वेदियों पर आचार्य संघ द्वारा सूर्य मंत्रों से मंत्रित भगवान की मूर्तियों की विधि-विधान के साथ वेदी प्रतिष्ठा की गई। आज दोपहर बाद आचार्य संघ का भिण्ड के लिए पद विहार हो गया है। आचार्य संघ अपने 24 पिच्छीधारी मुनिराजों के साथ 31 मई को रेल्वे स्टेशन अटेर रोड से भिण्ड नगर की सीमा में भव्य मंगल प्रवेश कर रहे है। जहां आचार्यसंघ का भिण्ड की सकल समाज द्वारा आरती व पाद प्राच्छान के साथ भव्य आगवानी और नगर भ्रमण कराया जाएगा। आचार्यसंघ की आगवानी के लिए नगर में जगह-जगह तोरण द्वार व होर्डिंग्स व मंचों की सजावट कर भिण्ड नगर को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है।

सर्वा एवं अतरसोहा में पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे पूर्व विधायक रणवीर जाटव

गोहद, 30 मई। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सर्वा एवं अतरसोहा में तेज आंधी और वर्षा से हुई जनहानि के बाद पूर्व विधायक रणवीर जाटव पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे और उन्हें सांत्वना प्रदान की। ग्राम सर्वा में पूर्व मण्डी अध्यक्ष दुर्गसिंह तोमर के पुत्र जितेन्द्र तोमर केमकान की दीवार गिरने से हुए निधन पर उन्होंने शोक व्यक्त किया। वहीं ग्राम अतरसोहा में तेज आंधी एवं बारिश के कारण मकान गिरने से हुई मृत्यु के मामले में भी उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान रणवीर जाटव ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस दुख की घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। ग्रामीणों ने भी क्षेत्र में हुई भारी क्षति की जानकारी पूर्व विधायक को दी तथा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता दिलाने की मांग की। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस, 251 लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

मालनपुर, 30 मई। औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित जमना ऑटो इंडस्ट्रीज द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम और विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम सिघवारी में किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति भिंड एवं कंपनी कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में लगे इस शिविर में 251 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। कंपनी परिसर में कर्मचारियों और ग्रामीणों को तंबाकू के दुष्प्रभावों पर चलचित्र दिखाए गए और धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आलोक शर्मा ने कहा कि तंबाकू कैंसर, हृदय रोग और सांस की बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से शिक्षिका श्रीमती दीपा भदोरिया ने तंबाकू एवं नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बारीकी से समझाया और नशे से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर एफ.पी.ए.आई. ग्वालियर की जनरल मैनेजर श्रीमती नीलम दीक्षित ने कहा कि तम्बाकू का सेवन करने वाले व्यक्ति के साथ-साथ उसके परिवार एवं आसपास के लोग भी इसके दुष्प्रभावों से प्रभावित होते हैं। एफ.पी.ए.आई. कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि तम्बाकू सेवन से कैंसर, टीबी, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी एवं अन्य गंभीर रोगों का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. पीयूष प्रताप सिंह, डॉ. आशीष सिंह, डॉ. अर्चना जैन व डॉ. सलोनी खंडेलवाल ने दांत, सामान्य रोग व महिला रोगों का परीक्षण किया। कार्यक्रम कंपनी के जनरल मैनेजर एनएमक्यू शम्सी के मार्गदर्शन में हुआ।

सरकार के शुद्धिकरण के लिए जिला कांग्रेस शहर ने किया यज्ञ

महंगाई के खिलाफ बुलंद की आवाज

भिण्ड, 30 मई। देश में लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी अघोषित बिजली कटौती नीट परीक्षा पेपर लीक तथा आम जनता की समस्याओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड शहर के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया पिंकी के नेतृत्व में सरकार की बुद्धि के शुद्धीकरण हेतु विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यज्ञ वेधि पर बेशर्म के पत्तों और फूलों की माला चढ़कर विधिवत समस्त हवन सामग्री से हवन किया कांग्रेसियों द्वारा निम्न मंत्रोचार के द्वारा यज्ञ हवन किया गया। यज्ञ के उपरांत यज्ञ वेधि से मेलोडी की उत्पत्ति हुई मेलोडी

को आमजन में बाट कर उनके दुख दर्द पूछे आमजन में भाजपा की नीतियों को लेकर भारी आक्रोश देखा गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया पिंकी ने कहा कि देश की जनता महंगाई और आर्थिक संकट से परेशान है, लेकिन केन्द्र सरकार जनता की समस्याओं की ओर ध्यान देने के बजाय केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से भगवान से प्रार्थना की गई है कि सद्बुद्धि प्रदान करें ताकि वे देश की जनता की पीड़ा को समझें और महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाएं। कांग्रेस नेता डॉ. राधेश्याम शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार से पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस तथा आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों पर तत्काल नियंत्रण करने तथा आम जनता को राहत प्रदान करने की मांग की। यज्ञ के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में नारेबाजी करते हुए केन्द्र सरकार की नीतियों के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में मुकेश गर्ग, पानसिंह बाबूजी, दिवाकर दीक्षित, रामजीलाल शाक्य, राजेन्द्र यादव, सोनवीर यादव, मनीष पुरोहित, दीपक शर्मा, हर नारायण शर्मा, नरेन्द्र शाक्य, चैतन्य शर्मा, बृजेन्द्र सिंह मुन्ना, गजेन्द्र सिंह यादव, दर्शन सिंह तोमर, संजीव बरुआ, गौरव भारद्वाज, जितेन्द्र खारिया, मोहम्मद इरफान, अभिमन्यु जोशी, कमलेश सुमन, करु तोमर, अचल जादौन, बॉबी तोमर, विश्वप्रताप, सोनू, अमित गोयल, लव गोयल, गजेन्द्र यादव, सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, राजगीर खन्ना, प्रमोद श्रीवास, राघवेन्द्र, शंकर, गोपाल सिंह, रोहित शर्मा, दीपू दुबे, शहजाद, अजय जैन, बलराम जाटव, करण तोमर आदि मौजूद थे।

सोई गांव के हार में युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 30 मई। जिले के सुरपुरा थाना क्षेत्र के सोई गांव के हार में एक 40 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। युवक खेत पर गया था, जहां वह गंभीर रूप से घायल हालत में मिला। उसके शरीर पर जलने के निशान और गर्दन में गहरा घाव होने के कारण परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सोई गांव निवासी संतोष पुत्र सिद्धूलाल कुशवाह उम्र करीब 40 वर्ष शुक्रवार रात अपने खेत पर गया था। रात करीब 8 बजे परिजनों को सूचना मिली कि वह नरसिंह राजावत के खेत के पास घायल अवस्था में पड़ा है। परिवारजन उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ग्वालियर रेफर कर दिया। एंबुलेंस से ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में संतोष ने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को वापस भिण्ड लाकर जिला अस्पताल के पीएम हाउस में रखवाया गया। परिजनों का कहना है कि संतोष के पेट, छाती, पीठ और पैरों तक जलने के निशान थे। इसके अलावा गर्दन पर गहरा घाव और सिर में भी गंभीर चोट के निशान मिले हैं। जिससे प्रतीत होता है कि उनकी हत्या की गई है। परिजनों ने पुलिस से हत्या का मामला दर्ज करने की मांगी, लेकिन फिलहाल केवल मर्ग कायम किया गया है। सुरपुरा पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।